1. भारत का राष्ट्रीय आदर्श-वाक्य 'सत्यमेव जयते' किस उपनिषद से लिया गया है ?

(A) केन उपनिषद

(B) बृहदारण्यक उपनिषद

(C) मुण्डक उपनिषद

(D) छान्दोग्य उपनिषद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The national motto of India, 'Satyameva Jayate', is taken from which Upanishad ?

(A) Kena Upanishad

(B) Brihadaranyaka Upanishad

(C) Mundaka Upanishad

(D) Chandogya Upanishad

(E) None of the above

2. बाजीराव प्रथम, जिन्हें बाजीराव बल्लाल के नाम से भी जाना जाता था, निम्नलिखित में से किस मराठा पेशवा के पुत्र थे ?

(A) बालाजी विश्वनाथ

(B) रघुनाथ राव

(C) बालाजी बाजीराव

(D) माधवराव प्रथम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Baji Rao I, also known as Baji Rao Ballal, was the son of which of the following Maratha Peshwas ?

(A) Balaji Vishwanath

(B) Raghunath Rao

(C) Balaji Baji Rao

(D) Madhavrao I

(E) None of the above

3. सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली का काज़ी (न्यायाधीश) किसे नियुक्त किया था ?

(A) इब्न बतूता

(B) शिहाबुद्दीन अल-उमरी

(C) शम्स-ए-सिराज अफीफ

(D) ज़ियाउद्दीन बरनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was appointed as the Qazi (Judge) of Delhi by Sultan Muhammad bin Tughlaq ?

(A) Ibn Battuta

(B) Shihabuddin al-Umari

(C) Shams-i-Siraj Afif

(D) Ziauddin Barani

(E) None of the above

4. गुप्त सम्राट कुमारगुप्त प्रथम के शासनकाल में किस प्राचीन विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी ?

(A) नालंदा

(B) विक्रमशिला

(C) तक्षशिला

(D) वल्लभी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which ancient university was founded during the reign of the Gupta emperor Kumaragupta I ?

(A) Nalanda

(B) Vikramashila

(C) Takshashila

(D) Vallabhi

(E) None of the above

5. निम्नलिखित में से हड़प्पा स्थल और उसके वर्तमान स्थान का कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) कालीबंगन – सिंध, पाकिस्तान

(B) मोहनजो-दड़ो – हरियाणा, भारत

(C) राखीगढ़ी – राजस्थान, भारत

(D) धोलावीरा – गुजरात, भारत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs of a Harappan site and its present-day location is correctly matched ?

(A) Kalibangan – Sindh, Pakistan

(B) Mohenjo-daro – Haryana, India

(C) Rakhigarhi – Rajasthan, India

(D) Dholavira – Gujarat, India

(E) None of the above

6. l लंबाई, अनुप्रस्थ-काट के क्षेत्रफल A, और प्रतिरोधकता ρ वाले एक एकसमान तार का प्रतिरोध R इस प्रकार दिया गया है :

(A) $R = \frac{\rho}{A}$ (B) $R = \frac{A}{\rho}$

(C) $R = \frac{\rho l}{A}$ (D) $R = \frac{\rho A}{l}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The resistance R of a uniform wire of length l, cross-sectional area A, and resistivity ρ is given by :

(A) $R = \frac{\rho}{A}$ (B) $R = \frac{A}{\rho}$

(C) $R = \frac{\rho l}{A}$ (D) $R = \frac{\rho A}{l}$

(E) None of the above

7. एक तंत्रिकोशिका के कोशिका काय को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

(A) साइटॉन

(B) न्यूरोप्लाज़्म

(C) ऐक्सोप्लाज़्म

(D) न्यूरीलेमा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The cell body of a neuron is known as :

(A) Cyton

(B) Neuroplasm

(C) Axoplasm

(D) Neurilemma

(E) None of the above

8. हाइपरमेट्रोपिया (दीर्घदृष्टि दोष) को ठीक करने के लिए किस प्रकार के लेंस का उपयोग किया जाता है ?

(A) द्विफोकसी लेंस

(B) बेलनाकार (सिलिंडरी) लेंस

(C) उत्तल लेंस

(D) अवतल लेंस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which type of lens is used to correct hypermetropia (far-sightedness) ?

(A) Bifocal lens

(B) Cylindrical lens

(C) Convex lens

(D) Concave lens

(E) None of the above

9. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (पादप हॉर्मोन)	**सूची II (शारीरिक कार्य)**
a. ऑक्सिन	i. फल पकना
b. जिबरेलिन	ii. तने की लंबाई में वृद्धि
c. साइटोकाइनिन	iii. कोशिका विभाजन
d. एथिलीन	iv. कोशिका वृद्धि

कूट :

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Plant Hormone)	**List II (Physiological Function)**
a. Auxins	i. Fruit ripening
b. Gibberellins	ii. Stem elongation
c. Cytokinins	iii. Cell division
d. Ethylene	iv. Cell growth

Code :

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(E) None of the above

10. किसी तत्त्व की द्रव्यमान संख्या, _____ की संख्या के बराबर होती है।

(A) प्रोटॉन

(B) प्रोटॉन + न्यूट्रॉन

(C) इलेक्ट्रॉन + न्यूट्रॉन

(D) न्यूट्रॉन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The mass number of an element is equal to the number of _____.

(A) Protons

(B) Protons + Neutrons

(C) Electrons + Neutrons

(D) Neutrons


(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (11 से 15) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following bar graph and answer the questions (11 to 15) that follow :*

एक कक्षा के पाँच अनुभागों (A, B, C, D और E) में लिखित और मौखिक परीक्षाओं में प्राप्त अंक

Marks obtained in written and oral exams in five sections (A, B, C, D and E) of a class



11. यदि किसी प्रतियोगिता में योग्य होने के लिए एक अनुभाग को लिखित परीक्षा में न्यूनतम 250 अंक और मौखिक परीक्षा में न्यूनतम 200 अंक प्राप्त करने हों, तो कितने अनुभाग योग्य होंगे ?

(A) चार (B) दो

(C) एक (D) तीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If a section must score a minimum of 250 marks in the written exam and a minimum of 200 marks in the oral exam to qualify for a competition, how many sections will qualify ?

(A) Four (B) Two

(C) One (D) Three

(E) None of the above

12. यदि अनुभाग C द्वारा प्राप्त मौखिक अंकों में 25% की वृद्धि होती है, जबकि इसकी लिखित परीक्षा के अंक अपरिवर्तित रहते हैं, तो अनुभाग C के संशोधित कुल अंकों का अनुभाग B के मूल कुल अंकों से अनुपात क्या होगा ?

(A) 5 : 3

(B) 11 : 5

(C) 7 : 2

(D) 10 : 7

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the oral marks obtained by Section C increase by 25%, while its marks in the written exam remain unchanged, what will be the ratio of the revised total marks of Section C to the original total marks of Section B ?

(A) 5 : 3

(B) 11 : 5

(C) 7 : 2

(D) 10 : 7

(E) None of the above

13. सभी पाँच अनुभागों की लिखित और मौखिक परीक्षाओं में प्राप्त कुल अंकों का कितना अंश (भिन्न) अनुभाग E द्वारा प्राप्त किया गया है ?

(A) $\frac{17}{45}$

(B) $\frac{11}{45}$

(C) $\frac{16}{45}$

(D) $\frac{13}{45}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What fraction of the total marks obtained in written and oral exams across all five sections is accounted for by Section E ?

(A) $\frac{17}{45}$

(B) $\frac{11}{45}$

(C) $\frac{16}{45}$

(D) $\frac{13}{45}$

(E) None of the above

14. अनुभागों B, C और D के लिए लिखित और मौखिक परीक्षाओं में प्राप्त कुल अंकों का औसत क्या है ?

(A) 520 (B) 560

(C) 500 (D) 540

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average of the total marks obtained in written and oral exams for Sections B, C and D ?

(A) 520 (B) 560

(C) 500 (D) 540

(E) None of the above

15. अनुभाग A में मौखिक परीक्षा में प्राप्त अंक, अनुभाग D में मौखिक परीक्षा में प्राप्त अंकों की तुलना में कितने प्रतिशत कम हैं ?

(A) 50%

(B) 70%

(C) 40%

(D) 60%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage are the oral exam marks obtained in Section A less than the oral exam marks obtained in Section D ?

(A) 50%

(B) 70%

(C) 40%

(D) 60%

(E) None of the above

16. वह क्षेत्र जिसमें गहराई के साथ महासागर की लवणता तीव्रता से बढ़ती है, उसे कहा जाता है :

(A) केमोक्लाइन

(B) पिक्नोक्लाइन

(C) थर्मोक्लाइन

(D) हैलोक्लाइन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The zone in which ocean salinity increases sharply with depth is called :

(A) Chemocline

(B) Pycnocline

(C) Thermocline

(D) Halocline

(E) None of the above

17. किन मेघों का निर्माण अधिक ऊँचाई पर होता है और वे पंख के समान प्रतीत होते हैं ?

(A) वर्षा मेघ (B) स्तरी मेघ

(C) पक्षाभ मेघ (D) कपासी मेघ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which clouds are formed at high altitudes and have a feathery appearance ?

(A) Nimbus clouds (B) Stratus clouds

(C) Cirrus clouds (D) Cumulus clouds

(E) None of the above

18. निम्नलिखित में से किस विविधता सूचकांक को सूचना सूचकांक के रूप में भी जाना जाता है ?

(A) अंतःक्रिया सूचकांक (B) डेल्टा सूचकांक

(C) गिनी सूचकांक (D) एंट्रॉपी सूचकांक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following diversity indices is also known as the Information Index ?

(A) Interaction Index (B) Delta Index

(C) Gini Index (D) Entropy Index

(E) None of the above

19. निम्नलिखित में से कौन-से जल निकाय भारत को श्रीलंका से पृथक् करते हैं ?

(A) आठ डिग्री चैनल और नौ डिग्री चैनल

(B) पाक जलडमरूमध्य (जलसंधि) और मन्नार की खाड़ी

(C) कच्छ की खाड़ी और खंभात की खाड़ी

(D) दस डिग्री चैनल और डंकन पैसेज

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following water bodies separate India from Sri Lanka ?

(A) Eight Degree Channel and Nine Degree Channel

(B) Palk Strait and Gulf of Mannar

(C) Gulf of Kachchh and Gulf of Khambhat

(D) Ten Degree Channel and Duncan Passage

(E) None of the above

14002899966

20. भूगोल की कौन-सी शाखा भू-आकृतियों, उनके विकास और उनसे संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन करती है ?

(A) ग्लेशियोलॉजी (B) पेडोलॉजी

(C) सिस्मोलॉजी (D) जियोमॉर्फोलॉजी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which branch of geography studies landforms and their evolution and related processes ?

(A) Glaciology (B) Pedology

(C) Seismology (D) Geomorphology

(E) None of the above

21. निम्नलिखित अक्षर-समूहों में से कौन-सा समूह अन्य से भिन्न है ?

(A) JMOQ (B) ACEG

(C) NPRT (D) BDFH

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following groups of letters is different from the others ?

(A) JMOQ (B) ACEG

(C) NPRT (D) BDFH

(E) None of the above

22. वस्तु X, वस्तु Y से भारी है। वस्तु Z, वस्तु Y से हल्की है। वस्तु W, वस्तु X से भारी है। यदि वस्तुओं को बढ़ते हुए, सबसे हल्की से सबसे भारी के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कौन-सी वस्तु तीसरे स्थान पर होगी ?

(A) वस्तु X (B) वस्तु W

(C) वस्तु Y (D) वस्तु Z

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Object X is heavier than Object Y. Object Z is lighter than Object Y. Object W is heavier than Object X. If the objects are arranged in ascending order from the lightest to the heaviest, which object occupies the third position ?

(A) Object X (B) Object W

(C) Object Y (D) Object Z

(E) None of the above

23. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'WORK' को 'UMPI' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी भाषा में 'NOTE' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) LLRC (B) MPRC

(C) NQVF (D) LMRC

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a certain code language, if 'WORK' is coded as 'UMPI', then how will 'NOTE' be coded in that same language ?

(A) LLRC (B) MPRC

(C) NQVF (D) LMRC

(E) None of the above

24. एक सामान्य घड़ी में सुबह के 8:00 बजे हैं। जब घड़ी में दोपहर के 2:00 बजेंगे, तब तक घंटे वाली सुई कितनी डिग्री घूम चुकी होगी ?

(A) 240° (B) 180°

(C) 150° (D) 210°

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A standard clock shows 8:00 am. By the time it shows 2:00 pm, through how many degrees will the hour hand rotate ?

(A) 240° (B) 180°

(C) 150° (D) 210°

(E) None of the above

25. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द चुनिए।

एजेंडा : बैठक : : यात्रा कार्यक्रम : ?

(A) गंतव्य (B) मार्ग

(C) कार्यक्रम (D) यात्रा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Select the related word from the given alternatives.

Agenda : Meeting : : Itinerary : ?

(A) Destination (B) Route

(C) Schedule (D) Journey

(E) None of the above

26. भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को कैसे वर्गीकृत किया जाता है ?

(A) गंतव्य-आधारित प्रत्यक्ष कर

(B) उद्गम-आधारित प्रत्यक्ष कर

(C) उद्गम-आधारित अप्रत्यक्ष कर

(D) गंतव्य-आधारित अप्रत्यक्ष कर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How is the Goods and Services Tax (GST) in India classified ?

(A) Destination-based direct tax

(B) Origin-based direct tax

(C) Origin-based indirect tax

(D) Destination-based indirect tax

(E) None of the above

27. निम्नलिखित में से कौन-से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यम (सीपीएसई) 'महारत्न' के रूप में वर्गीकृत हैं ?

I. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

II. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

III. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

IV. भारत संचार निगम लिमिटेड

विकल्प :

(A) केवल II और IV (B) केवल III और IV

(C) केवल I और IV (D) केवल I और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following Central Public Sector Enterprises (CPSEs) are classified as 'Maharatna' ?

I. Indian Oil Corporation Limited

II. Steel Authority of India Limited

III. Airports Authority of India

IV. Bharat Sanchar Nigam Limited

Options :

(A) II and IV only (B) III and IV only

(C) I and IV only (D) I and III only

(E) None of the above

28. किस विनिमय दर प्रणाली में विदेशी विनिमय बाज़ार में माँग और आपूर्ति की शक्तियों द्वारा विनिमय दर निर्धारित होती है ?

(A) तिरती विनिमय दर

(B) स्थिर विनिमय दर

(C) आधिकारिक विनिमय दर

(D) प्रबंधित तिरती विनिमय दर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which exchange rate system is the exchange rate determined by the market forces of demand and supply in the foreign exchange market ?

(A) Flexible exchange rate

(B) Fixed exchange rate

(C) Official exchange rate

(D) Managed floating exchange rate

(E) None of the above

29. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2016 में निम्नलिखित में से कौन-सी भुगतान प्रणाली का शुभारंभ किया था ?

(A) राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) (नेशनल ऑटोमेटेड क्लीयरिंग हाउस)

(B) भारत इंटरफेस फॉर मनी (बीएचआईएम)

(C) तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) (इमिडिएट पेमेंट सर्विस)

(D) यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following payment systems was launched by the National Payments Corporation of India (NPCI) in 2016 ?

(A) National Automated Clearing House (NACH)

(B) Bharat Interface for Money (BHIM)

(C) Immediate Payment Service (IMPS)

(D) Unified Payments Interface (UPI)

(E) None of the above

30. राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (NIP) कब शुरू की गई थी ?

(A) 1 जनवरी, 2017 (B) 1 अप्रैल, 2020

(C) 15 अगस्त, 2021 (D) 31 दिसम्बर, 2019

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The National Infrastructure Pipeline (NIP) was launched on :

(A) 1 January, 2017 (B) 1 April, 2020

(C) 15 August, 2021 (D) 31 December, 2019

(E) None of the above

31. संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा क्या है ?

(A) टका (B) दिरहम

(C) रियाल (D) दीनार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the currency of the United Arab Emirates ?

(A) Taka (B) Dirham

(C) Riyal (D) Dinar

(E) None of the above

32. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा किस मौलिक अधिकार को भाग III से हटाकर अनुच्छेद 300क के अंतर्गत एक संवैधानिक अधिकार के रूप में सम्मिलित किया गया था ?

(A) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

(B) समता का अधिकार

(C) स्वतंत्रता का अधिकार

(D) संपत्ति का अधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Fundamental Right was omitted from Part III by the 44th Constitutional Amendment Act, 1978, and inserted as a Constitutional Right under Article 300A ?

(A) Right to Freedom of Religion

(B) Right to Equality

(C) Right to Freedom

(D) Right to Property

(E) None of the above

33. भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 11 अक्टूबर (B) 8 मार्च

(C) 24 सितंबर (D) 24 जनवरी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

National Girl Child Day is observed in India every year on :

(A) October 11 (B) March 8

(C) September 24 (D) January 24

(E) None of the above

34. निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य की शुरुआत आंध्र प्रदेश में हुई थी ?

(A) मोहिनीअट्टम (B) मणिपुरी

(C) सत्रिया (D) कुचिपुड़ी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following classical dance forms originated in Andhra Pradesh ?

(A) Mohiniyattam (B) Manipuri

(C) Sattriya (D) Kuchipudi

(E) None of the above

35. "*विंग्स ऑफ फायर*" निम्नलिखित में से किस व्यक्ति की आत्मकथा है ?

(A) विक्रम साराभाई

(B) सतीश धवन

(C) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(D) होमी जे. भाभा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

"*Wings of Fire*" is the autobiography of which of the following personalities ?

(A) Vikram Sarabhai

(B) Satish Dhawan

(C) A.P.J. Abdul Kalam

(D) Homi J. Bhabha

(E) None of the above

36. अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) नैरोबी, केन्या
(B) रोम, इटली
(C) मेक्सिको सिटी, मेक्सिको
(D) लॉस बानोस, फिलीपींस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where is the headquarters of the International Rice Research Institute (IRRI) located ?

(A) Nairobi, Kenya
(B) Rome, Italy
(C) Mexico City, Mexico
(D) Los Baños, Philippines
(E) None of the above

37. यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, भारत के किस राज्य में स्थित है ?

(A) अरुणाचल प्रदेश (B) उत्तराखंड
(C) सिक्किम (D) हिमाचल प्रदेश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which Indian state is the Valley of Flowers National Park, a UNESCO World Heritage Site, located ?

(A) Arunachal Pradesh (B) Uttarakhand
(C) Sikkim (D) Himachal Pradesh
(E) None of the above

38. निम्नलिखित में से किस खेल में "स्लैम डंक" शब्द का प्रयोग किया जाता है ?

(A) हैंडबॉल (B) वॉलीबॉल
(C) नेटबॉल (D) बास्केटबॉल
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which of the following sports is the term "slam dunk" used ?

(A) Handball (B) Volleyball
(C) Netball (D) Basketball
(E) None of the above

39. भारत अपनी सबसे छोटी स्थलीय सीमा निम्नलिखित में से किस देश के साथ साझा करता है ?

(A) बांग्लादेश (B) अफगानिस्तान
(C) नेपाल (D) चीन
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

India shares its shortest land boundary with which of the following countries ?

(A) Bangladesh (B) Afghanistan
(C) Nepal (D) China
(E) None of the above

40. अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) जीतने वाले/वाली पहले/पहली भारतीय कौन थे/थी ?

(A) गुलज़ार (B) भानु अथैया
(C) ए.आर. रहमान (D) रेसुल पुकुट्टी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first Indian to win an Academy Award (Oscar) ?

(A) Gulzar (B) Bhanu Athaiya
(C) A.R. Rahman (D) Resul Pookutty
(E) None of the above

41. जनवरी 2025 में कौन-सा देश ब्रिक्स (BRICS) का 11वाँ पूर्ण सदस्य बना ?

(A) अर्जेंटीना
(B) मलेशिया
(C) सिंगापुर
(D) इंडोनेशिया
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country became the 11th full member of BRICS in January 2025 ?

(A) Argentina
(B) Malaysia
(C) Singapore
(D) Indonesia
(E) None of the above

42. अगस्त 2026 में किस झील को भारत का 101वाँ रामसर स्थल घोषित किया गया था, जिससे यह अरुणाचल प्रदेश का पहला रामसर स्थल बन गया ?

(A) सांगेत्सर झील

(B) चिलिका झील

(C) सेला झील

(D) ग्लॉ झील

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which lake was designated as India's 101st Ramsar Site in August 2026, becoming Arunachal Pradesh's first Ramsar Site ?

(A) Sangetsar Lake

(B) Chilika Lake

(C) Sela Lake

(D) Glaw Lake

(E) None of the above

43. जुलाई 2025 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) के बीच ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कौन-सी योजना शुरू की गई थी ?

(A) एम.एस.ई.-गिफ्ट (जी.आई.एफ.टी.)

(B) जेड.ई.डी.

(C) एम.एस.ई.-एस.पी.आई.सी.ई.

(D) ए.डी.ई.ई.टी.आई.ई.

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which scheme was launched in July 2025 to promote the adoption of energy-efficient technologies among Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) ?

(A) MSE-GIFT

(B) ZED

(C) MSE-SPICE

(D) ADEETIE

(E) None of the above

44. जुलाई 2026 में, आई.एस.एस.एफ. शॉटगन विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैप शूटर कौन बनीं ?

(A) कीर्ति गुप्ता

(B) नीरू ढांडा

(C) राजेश्वरी कुमारी

(D) श्रेयसी सिंह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In July 2026, who became the first Indian woman trap shooter to win an ISSF Shotgun World Cup gold medal ?

(A) Kirti Gupta

(B) Neeru Dhanda

(C) Rajeshwari Kumari

(D) Shreyasi Singh

(E) None of the above

45. जून 2026 में, यूरोबैंक-एन.आई.पी.एल. साझेदारी के माध्यम से किस देश से भारत में सीमा-पार धन-प्रेषण के लिए यू.पी.आई. सेवा शुरू हुई ?

(A) स्पेन

(B) ग्रीस

(C) पुर्तगाल

(D) इटली

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In June 2026, UPI went live for cross-border remittances from which country to India through the Eurobank-NIPL partnership ?

(A) Spain

(B) Greece

(C) Portugal

(D) Italy

(E) None of the above

46. निम्नलिखित में से किसे व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में योगदान के लिए 2026 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था ?

(A) पंकज पटेल

(B) ओसामु सुज़ुकी

(C) नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी

(D) उदय कोटक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was conferred the Padma Bhushan in 2026 for contributions to the field of Trade and Industry ?

(A) Pankaj Patel

(B) Osamu Suzuki

(C) Nalli Kuppuswami Chetti

(D) Uday Kotak

(E) None of the above

47. निम्नलिखित में से किस लेखक ने *ताइवान ट्रेवलॉग* पुस्तक के लिए 2026 का अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीता ?

(A) यांग शुआंग-ज़ी

(B) एना पाउला माइया

(C) शिदा बाज़्यार

(D) डैनियल केलमैन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following authors won the International Booker Prize 2026 for the book *Taiwan Travelogue* ?

(A) Yáng Shuāng-zǐ

(B) Ana Paula Maia

(C) Shida Bazyar

(D) Daniel Kehlmann

(E) None of the above

48. 2026 में, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) की पहली महिला महानिदेशक कौन बनीं ?

(A) अर्चना भट्टाचार्य

(B) वर्षा अशोक अगलावे

(C) नल्लाथम्बी कलाईसेल्वी

(D) वंदना राजेश प्रसाद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 2026, who became the first woman Director General of the Geological Survey of India (GSI) ?

(A) Archana Bhattacharyya

(B) Varsha Ashok Aglawe

(C) Nallathamby Kalaiselvi

(D) Vandana Rajesh Prasad

(E) None of the above

49. किस अंतरिक्ष संगठन ने गगनयान कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख के लेह में 'मिशन मित्र' आयोजित किया ?

(A) नासा (एन.ए.एस.ए.)

(B) ई.एस.ए.

(C) इसरो (आई.एस.आर.ओ.)

(D) जाक्सा (जे.ए.एक्स.ए.)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which space organisation conducted 'MISSION MITRA' in Leh, the Union Territory of Ladakh, under the Gaganyaan Programme ?

(A) NASA

(B) ESA

(C) ISRO

(D) JAXA

(E) None of the above

2025 में G7 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी किस देश ने की ?

(A) जर्मनी

(B) फ्रांस

(C) इटली

(D) जापान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country hosted the 2025 G7 Leaders' Summit ?

(A) Germany

(B) France

(C) Italy

(D) Japan

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (51 से 55) के उत्तर दीजिए :


***Direction :** Study the following pie chart and answer the questions (51 to 55) that follow :*

विभिन्न फ़सलों की कृषि वाली भूमि के क्षेत्रफल का वितरण

कुल कृषि क्षेत्रफल = 3600 एकड़

Distribution of land area under cultivation of various crops

Total cultivated area = 3600 acres



51. जौ और कपास की खेती वाली संयुक्त भूमि का क्षेत्रफल, गेहूँ की खेती वाली भूमि के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है ?

(A) 75%

(B) 60%

(C) 70%

(D) 80%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined land area cultivated with Barley and Cotton accounts for what percentage of the land area cultivated with Wheat ?

(A) 75%

(B) 60%

(C) 70%

(D) 80%

(E) None of the above

52. यदि गेहूँ की खेती वाली दो-तिहाई भूमि और चावल की खेती वाली आधी भूमि नहर द्वारा सिंचित हैं, तो गेहूँ और चावल की नहर द्वारा सिंचित भूमि के वास्तविक क्षेत्रफल के बीच का अंतर (एकड़ में) कितना है ?

(A) 400

(B) 300

(C) 350

(D) 250

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If two-thirds of the land cultivated with Wheat and half of the land cultivated with Rice are canal-irrigated, what is the difference between the actual areas (in acres) of the canal-irrigated land of Wheat and Rice ?

(A) 400

(B) 300

(C) 350

(D) 250

(E) None of the above

53. मक्का की कृषि वाली भूमि के क्षेत्रफल का चावल की कृषि वाली भूमि के क्षेत्रफल से अनुपात क्या है ?

(A) 3 : 2

(B) 3 : 5

(C) 3 : 1

(D) 1 : 2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the land area under Corn cultivation to that under Rice cultivation ?

(A) 3 : 2

(B) 3 : 5

(C) 3 : 1

(D) 1 : 2

(E) None of the above

54. चावल की खेती के लिए 50 kg प्रति एकड़ तथा जौ की खेती के लिए 36 kg प्रति एकड़ की दर से उर्वरक का उपयोग किया जाता है। चावल और जौ की कुल खेती वाली भूमि के लिए प्रति एकड़ उपयोग किए गए उर्वरक की औसत मात्रा कितनी है?

(A) 60 kg (B) 55 kg

(C) 50 kg (D) 45 kg

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The application rate of fertilizer is 50 kg per acre for Rice and 36 kg per acre for Barley. What is the average amount of fertilizer used per acre for the total land cultivated with Rice and Barley ?

(A) 60 kg (B) 55 kg

(C) 50 kg (D) 45 kg

(E) None of the above

55. यदि मक्का की खेती वाली भूमि के क्षेत्रफल में 25% की वृद्धि की जाए और कपास की खेती वाली भूमि के क्षेत्रफल में 25% की कमी की जाए, तो मक्का की खेती वाली भूमि के क्षेत्रफल और कपास की खेती वाली भूमि के क्षेत्रफल में नया अंतर क्या होगा ?

(A) 500 एकड़

(B) 450 एकड़

(C) 350 एकड़

(D) 400 एकड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the land area cultivated with Corn is increased by 25% and the land area cultivated with Cotton is decreased by 25%, what will be the new difference between the land area cultivated with Corn and the land area cultivated with Cotton ?

(A) 500 acres

(B) 450 acres

(C) 350 acres

(D) 400 acres

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (56 से 60) के उत्तर दीजिए :

***Direction :** Study the following table and answer the questions (56 to 60) that follow :*

वर्ष 2024 और 2025 में पाँच क्षेत्रों (P, Q, R, S और T) द्वारा अर्जित संप्राप्ति

Revenue generated by five regions (P, Q, R, S and T) in the years 2024 and 2025

वर्ष/Year → / क्षेत्र/Region ↓	संप्राप्ति (₹ लाख में)/ Revenue (in ₹ Lakh)	
	2024	2025
P	240	300
Q	320	350
R	280	400
S	400	500
T	360	450
कुल / Total	1600	2000

56. 2024 में क्षेत्रों Q और S की संयुक्त संप्राप्ति का, 2025 में क्षेत्रों P और T की संयुक्त संप्राप्ति से अनुपात क्या है ?

(A) 21 : 23 (B) 27 : 28

(C) 25 : 26 (D) 24 : 25

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined revenue of Regions Q and S in 2024 to the combined revenue of Regions P and T in 2025 ?

(A) 21 : 23 (B) 27 : 28

(C) 25 : 26 (D) 24 : 25

(E) None of the above

57. यदि क्षेत्र S की 2025 की संप्राप्ति में से ₹ 50 लाख, क्षेत्र R को पुनरावंटित किया जाता है, जबकि 2025 की कुल संप्राप्ति अपरिवर्तित रहती है, तो क्षेत्र R की संशोधित संप्राप्ति का क्षेत्र S की संशोधित संप्राप्ति से अनुपात क्या होगा ?

(A) 1 : 2

(B) 2 : 3

(C) 1 : 1

(D) 4 : 5

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If ₹ 50 lakh of Region S's 2025 revenue is reassigned to Region R, while the total 2025 revenue remains unchanged, what will be the ratio of the revised revenue of Region R to the revised revenue of Region S ?

(A) 1 : 2

(B) 2 : 3

(C) 1 : 1

(D) 4 : 5

(E) None of the above

58. 2024 और 2025 में संयुक्त रूप से किस क्षेत्र द्वारा दूसरी सबसे अधिक कुल संप्राप्ति अर्जित की गई ?

(A) क्षेत्र R

(B) क्षेत्र Q

(C) क्षेत्र T

(D) क्षेत्र S

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which region generated the second-highest total revenue for 2024 and 2025 combined ?

(A) Region R

(B) Region Q

(C) Region T

(D) Region S

(E) None of the above

59. क्षेत्र P की संप्राप्ति में 2024 से 2025 तक कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 30%

(B) 25%

(C) 35%

(D) 20%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage did the revenue of Region P increase from 2024 to 2025 ?

(A) 30%

(B) 25%

(C) 35%

(D) 20%

(E) None of the above

60. 2025 में क्षेत्रों R और T की संयुक्त संप्राप्ति, 2025 में सभी पाँच क्षेत्रों द्वारा अर्जित कुल संप्राप्ति का कितना प्रतिशत थी ?

(A) 42·5%

(B) 47·5%

(C) 45·5%

(D) 40·5%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined revenue of Regions R and T in 2025 was what percentage of the total revenue generated by all five regions in 2025 ?

(A) 42·5%

(B) 47·5%

(C) 45·5%

(D) 40·5%

(E) None of the above

61. आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में उग्रवादी गुरिल्ला आंदोलन का नेतृत्व किसने किया ?

(A) कोमाराम भीम

(B) सिद्धू मुर्मू

(C) अल्लूरी सीताराम राजू

(D) लक्ष्मण नाइक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who led the militant guerrilla movement in the Gudem Hills of Andhra Pradesh ?

(A) Komaram Bheem

(B) Sidhu Murmu

(C) Alluri Sitarama Raju

(D) Laxman Naik

(E) None of the above

62. निम्नलिखित में से किसने 1923 में स्वराज पार्टी की स्थापना की ?

(A) सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू

(B) जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस

(C) सी. राजगोपालाचारी और राजेन्द्र प्रसाद

(D) महात्मा गाँधी और वल्लभभाई पटेल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following founded the Swaraj Party in 1923 ?

(A) C.R. Das and Motilal Nehru

(B) Jawaharlal Nehru and Subhas Chandra Bose

(C) C. Rajagopalachari and Rajendra Prasad

(D) Mahatma Gandhi and Vallabhbhai Patel

(E) None of the above

63. भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत, ग्यारह प्रांतों में से कितने प्रांतों को द्विसदनीय विधानमंडल प्रदान किए गए थे ?

(A) आठ

(B) सात

(C) पाँच

(D) छह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under the Government of India Act, 1935, how many of the eleven provinces were provided with bicameral legislatures ?

(A) Eight

(B) Seven

(C) Five

(D) Six

(E) None of the above

64. निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश प्रधान मंत्री ने 1942 में भारत में क्रिप्स मिशन भेजा था ?

(A) नेविल चेम्बरलेन

(B) स्टैनली बाल्डविन

(C) विंस्टन चर्चिल

(D) क्लेमेंट एटली

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following British Prime Ministers sent the Cripps Mission to India in 1942 ?

(A) Neville Chamberlain

(B) Stanley Baldwin

(C) Winston Churchill

(D) Clement Attlee

(E) None of the above

65. किस समझौते ने प्रांतीय और केंद्रीय विधान परिषदों में दमित वर्गों के लिए आरक्षित सीटें प्रदान कीं ?

(A) गाँधी-इरविन समझौता

(B) लखनऊ समझौता

(C) बंगाल समझौता

(D) पूना समझौता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which pact provided reserved seats for the Depressed Classes in Provincial and Central Legislative Councils ?

(A) Gandhi-Irwin Pact

(B) Lucknow Pact

(C) Bengal Pact

(D) Poona Pact

(E) None of the above

66. Choose the correct determiner to fill in the blank :

Unfortunately, _____ attention was paid to the maintenance of the sports complex, resulting in its deterioration.

(A) a little

(B) little

(C) a few

(D) few

(E) None of the above

Directions : *Read the following passage carefully and answer the questions (67 and 68) that follow :*

A volcano is a perfect example of nature's duality. When it erupts, it is a terrifying force of destruction, spewing hot ash and rivers of melted rock that can wipe out entire cities. Yet, over time, this same violent mountain becomes a source of life. In a volcano, the fierce destroyer and the gentle creator exist together. While the lava burns everything in its path, it eventually cools and breaks down into some of the richest, most fertile soil on Earth. Unlike a quiet hill that never changes, a volcano constantly reshapes the land. It is a dangerous neighbour that farmers still choose to live near because of the incredible crops it helps them grow.

67. According to the passage, why do farmers choose to live near volcanoes ?

(A) Volcanic eruptions clear surrounding forest lands for cultivation

(B) Volcanic landforms remain stable and unchanging

(C) Molten rock formations act as natural boundaries against adverse weather

(D) Lava deposits form extraordinarily fertile agricultural soil

(E) None of the above

68. In the passage, the phrase "fierce destroyer" refers to :

(A) Its dynamic ability to alter and reshape topography

(B) Its destructive capacity to wipe out cities during an eruption

(C) Its status as an unpredictable and dangerous neighbour

(D) Its thermal property of radiating intense heat across the terrain

(E) None of the above

69. Identify the type of noun represented by the underlined word in the following sentence.

His perseverance in the face of difficulty was admired by everyone.

(A) Proper noun

(B) Collective noun

(C) Abstract noun

(D) Common noun

(E) None of the above

70. Choose the word that is nearest in meaning to "NOVICE".

(A) Veteran

(B) Expert

(C) Beginner

(D) Scholar

(E) None of the above

71. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?

(A) जगंनाथ

(B) जगन्नात

(C) जगनात

(D) जगन्नाथ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. 'हाथ बँटाना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) प्रयास करना

(B) घबरा जाना

(C) मदद करना

(D) पश्चाताप करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. 'रमेश' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(A) रमा + ऐश

(B) रामे + ईश

(C) रमा + ईश

(D) रमे + एश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. निम्नलिखित में से कौन-सा 'उत्तम' शब्द का विलोम शब्द है ?

(A) उत्तमतर

(B) अधम

(C) उच्च

(D) श्रेष्ठ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. 'जिस व्यक्ति पर मुकदमा चल रहा हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) चोर (B) अपराधी

(C) अभियुक्त (D) अभियोजक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (76 से 80) के उत्तर दीजिए :*

भारत में डिजिटल तकनीकी का विस्तार केवल इंटरनेट और मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग तक सीमित नहीं रहा है। पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ने शासन, वित्तीय समावेशन और नागरिक सेवाओं के स्वरूप को बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उद्देश्य ऐसी खुली और परस्पर-संचालित प्रणालियाँ विकसित करना है, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिक सुरक्षित तथा सुविधाजनक ढंग से सेवाओं का उपयोग कर सकें। भारत में पहचान, भुगतान और डिजिटल दस्तावेज़ों से जुड़ी प्रणालियों ने इस दिशा में एक व्यापक आधार तैयार किया है।

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) ने छोटे-बड़े भुगतानों को तत्काल डिजिटल माध्यम से करने की सुविधा को सामान्य जीवन का हिस्सा बना दिया है। दूसरी ओर, डिजिलॉकर जैसे मंचों ने प्रमाण-पत्रों और अन्य दस्तावेज़ों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने तथा आवश्यकतानुसार सत्यापित करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है। भारतनेट जैसी पहल ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट संपर्क को मज़बूत करने का प्रयास करती है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और सरकारी सेवाओं तक पहुँच के नए अवसर पैदा होते हैं।

हालाँकि तकनीकी पहुँच अपने आप में पर्याप्त नहीं है। डिजिटल साधनों का वास्तविक लाभ तभी व्यापक होगा, जब नागरिकों में डिजिटल साक्षरता, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार और सेवाओं के प्रति विश्वास भी विकसित हो। इसलिए डिजिटल परिवर्तन को केवल तकनीकी उपलब्धि के रूप में देखने के बजाय उसे समावेशी विकास के साधन के रूप में समझना आवश्यक है। ऐसी व्यवस्था का उद्देश्य यह होना चाहिए कि तकनीकी सुविधा के साथ-साथ अवसरों की समानता को भी मज़बूत करे।

76. भारतनेट का उल्लेख किस व्यापक उद्देश्य से संबंधित है ?

(A) डिजिटल दस्तावेज़ों का केंद्रीकरण

(B) नागरिकों के लिए डिजिटल पहचान बनाना

(C) ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट संपर्क को मज़बूत करना

(D) डिजिटल भुगतान का अंतर्राष्ट्रीय विस्तार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. गद्यांश के अनुसार डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उद्देश्य क्या है ?

(A) सरकारी कार्यालयों का पूर्णतः स्वचालन

(B) बड़ी संख्या में नागरिकों के लिए खुली और परस्पर-संचालित प्रणालियों का विकास

(C) निजी डिजिटल सेवाओं का विस्तार

(D) इंटरनेट आधारित व्यापार का विस्तार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. डिजिलॉकर की उपयोगिता को गद्यांश किस रूप में प्रस्तुत करता है ?

(A) वित्तीय लेन-देन को नियंत्रित करने वाले मंच के रूप में

(B) ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट उपलब्ध कराने वाले मंच के रूप में

(C) दस्तावेज़ों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने और सत्यापन के साधन के रूप में

(D) सरकारी योजनाओं के पंजीकरण के माध्यम के रूप में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. गद्यांश में UPI का उल्लेख मुख्यतः किस संदर्भ में हुआ है ?

(A) तत्काल डिजिटल भुगतान की सुविधा के संदर्भ में

(B) बैंकिंग संस्थाओं के डिजिटलीकरण के संदर्भ में

(C) सरकारी दस्तावेज़ों के प्रमाणीकरण के संदर्भ में

(D) ग्रामीण इंटरनेट संपर्क के संदर्भ में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. डिजिटल परिवर्तन को केवल तकनीकी उपलब्धि के रूप में देखने के बजाय उसे _____ विकास के साधन के रूप में समझना आवश्यक है।

(A) सीमित

(B) पारंपरिक

(C) समावेशी

(D) एकांगी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (81 से 85) के उत्तर दीजिए :*

भारत में जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि कृषि, अर्थव्यवस्था, मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन का आधार है। देश के अनेक भागों में वर्षा का वितरण समान नहीं है। कहीं कम वर्षा के कारण जल-संकट उत्पन्न होता है, तो कहीं अत्यधिक वर्षा के बावजूद पर्याप्त जल का संरक्षण न हो पाने से वर्षा ऋतु के बाद कठिनाई बढ़ जाती है। इसलिए जल-सुरक्षा का प्रश्न केवल अधिक जल उपलब्ध कराने का नहीं, बल्कि उपलब्ध जल के विवेकपूर्ण प्रबंधन का भी है।

जल संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था में स्थानीय परिस्थितियों को समझना आवश्यक है। किसी क्षेत्र में वर्षा जल-संचयन उपयोगी हो सकता है, तो किसी अन्य क्षेत्र में तालाबों, झीलों और पारंपरिक जल-स्रोतों का पुनर्जीवन अधिक प्रभावी उपाय हो सकता है। इसी प्रकार भूजल का अत्यधिक दोहन रोकने के लिए फसल-पद्धति, सिंचाई तकनीक और स्थानीय जल-उपलब्धता के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। केवल बड़े निर्माण कार्यों पर निर्भर रहने से जल-संकट का स्थायी समाधान नहीं हो सकता।

इस संदर्भ में समुदाय की भागीदारी विशेष महत्त्व रखती है। जब स्थानीय लोग जल-स्रोतों के संरक्षण, उनके उपयोग और रखरखाव में भाग लेते हैं, तब योजनाएँ केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर सामूहिक ज़िम्मेदारी का रूप लेती हैं। विद्यालयों में जल-जागरूकता, किसानों के लिए सूक्ष्म सिंचाई का प्रशिक्षण और शहरों में वर्षा जल-संचयन जैसी पहलें व्यवहार में परिवर्तन ला सकती हैं। जल संरक्षण का वास्तविक लक्ष्य केवल वर्तमान आवश्यकता पूरी करना नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल-सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसलिए जल के प्रति दृष्टिकोण को "उपभोग" से "संरक्षण और ज़िम्मेदारी" की ओर बदलना समय की आवश्यकता है।

81. अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में भी जल-संकट क्यों उत्पन्न होता है ?

(A) वहाँ भूजल बिल्कुल उपलब्ध नहीं होता

(B) वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण न हो पाने के कारण

(C) वर्षा जल का कृषि में उपयोग नहीं किया जाता

(D) वर्षा जल का अधिकांश भाग सिंचाई में प्रयुक्त होता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

(A) भारत में कृषि और सिंचाई

(B) ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधन

(C) जल संरक्षण, प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी

(D) वर्षा और भारतीय अर्थव्यवस्था

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. जल के प्रति दृष्टिकोण को "उपभोग" से _____ और ज़िम्मेदारी की ओर बदलना समय की आवश्यकता है।

(A) उपलब्धता

(B) प्रशिक्षण

(C) संरक्षण

(D) संकट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. समुदाय की भागीदारी से जल-संरक्षण योजनाओं में क्या परिवर्तन आ सकता है ?

(A) योजनाओं में तकनीकी साधनों की आवश्यकता समाप्त हो सकती है।

(B) योजनाएँ स्थानीय संस्थाओं तक सीमित हो सकती हैं।

(C) जल-स्रोतों का उपयोग केवल समुदाय के सदस्यों तक सीमित हो सकता है।

(D) योजनाएँ सरकारी कार्यक्रम से सामूहिक ज़िम्मेदारी का रूप ले सकती हैं।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. गद्यांश के अनुसार जल संरक्षण का वास्तविक लक्ष्य क्या है ?

(A) भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल-सुरक्षा सुनिश्चित करना

(B) भूजल के दोहन को तीव्र करना

(C) केवल वर्तमान जल आवश्यकताओं की पूर्ति करना

(D) बड़े निर्माण कार्यों को बढ़ावा देना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. भारत के संविधान की कौन-सी अनुसूची संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण का प्रावधान करती है ?

(A) सातवीं अनुसूची (B) आठवीं अनुसूची

(C) छठी अनुसूची (D) पाँचवीं अनुसूची

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Schedule of the Constitution of India provides for the distribution of legislative powers between the Union and the States ?

(A) Seventh Schedule (B) Eighth Schedule

(C) Sixth Schedule (D) Fifth Schedule

(E) None of the above

87. निम्नलिखित में से कौन-से अधिकार साधारण कानून-निर्माण प्रक्रिया द्वारा परिवर्तित ***नहीं*** किए जा सकते हैं और उन्हें बदलने के लिए संविधान संशोधन की आवश्यकता होती है ?

(A) संविदात्मक अधिकार

(B) साधारण कानूनी अधिकार

(C) मौलिक अधिकार

(D) सांविधिक अधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following rights can ***not*** be altered through an ordinary law-making process and require a constitutional amendment to be changed ?

(A) Contractual rights

(B) Ordinary legal rights

(C) Fundamental rights

(D) Statutory rights

(E) None of the above

88. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को ग्राम पंचायतों का संगठन करने का निर्देश देता है ?

(A) अनुच्छेद 40 (B) अनुच्छेद 44

(C) अनुच्छेद 51 (D) अनुच्छेद 38

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Article of the Indian Constitution directs the State to organize village panchayats ?

(A) Article 40 (B) Article 44

(C) Article 51 (D) Article 38

(E) None of the above

89. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(1) के अंतर्गत, राज्य सभा में राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों (केंद्र-शासित प्रदेशों) के अधिकतम कितने प्रतिनिधि हो सकते हैं ?

(A) 250 (B) 245 (C) 240 (D) 233

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under Article 80(1) of the Indian Constitution, the Council of States may have not more than how many representatives of the States and Union Territories ?

(A) 250 (B) 245 (C) 240 (D) 233

(E) None of the above

90. भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्यों को सम्मिलित करने की सिफारिश किस समिति ने की थी ?

(A) बलवंत राय मेहता समिति

(B) स्वर्ण सिंह समिति

(C) सरकारिया समिति

(D) न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा समिति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Committee recommended the inclusion of Fundamental Duties in the Constitution of India ?

(A) Balwant Rai Mehta Committee

(B) Swaran Singh Committee

(C) Sarkaria Committee

(D) Justice J.S. Verma Committee

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (91 से 95) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (91 to 95) that follow :*

एक वित्तीय वर्ष के दौरान पाँच बैंक शाखाओं (A, B, C, D और E) द्वारा तीन श्रेणियों में स्वीकृत किए गए ऋणों की संख्या

Number of loans sanctioned by five bank branches (A, B, C, D and E) across three categories during a financial year

शाखा / Branch	गृह ऋण / Home Loans	वाहन ऋण / Auto Loans	व्यक्तिगत ऋण / Personal Loans	कुल ऋण / Total Loans
A	120	60	120	300
B	150	90	180	420
C	180	120	150	450
D	210	150	180	540
E	240	180	270	690
कुल / Total	900	600	900	2400

91. यदि शाखा E से शाखा C में 30 व्यक्तिगत ऋण स्थानांतरित किए जाते हैं, तो शाखा C और शाखा E में व्यक्तिगत ऋण का नया अनुपात क्या होगा ?

(A) 2 : 3 (B) 5 : 6

(C) 4 : 5 (D) 3 : 4

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 30 personal loans are transferred from Branch E to Branch C, what will be the new ratio of personal loans in Branch C to those in Branch E ?

(A) 2 : 3 (B) 5 : 6

(C) 4 : 5 (D) 3 : 4

(E) None of the above

92. शाखाओं B और E द्वारा संयुक्त रूप से स्वीकृत व्यक्तिगत ऋण, सभी पाँच शाखाओं द्वारा स्वीकृत कुल व्यक्तिगत ऋण का कितना प्रतिशत था ?

(A) 55%

(B) 50%

(C) 45%

(D) 60%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What percentage of the total personal loans sanctioned by all five branches was accounted for by Branches B and E together ?

(A) 55%

(B) 50%

(C) 45%

(D) 60%

(E) None of the above

93. शाखाओं A, C और E द्वारा स्वीकृत गृह ऋणों की संयुक्त संख्या का, शाखाओं B, D और E द्वारा स्वीकृत वाहन ऋणों की संयुक्त संख्या से अनुपात क्या है ?

(A) 5 : 3

(B) 11 : 8

(C) 6 : 5

(D) 9 : 7

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined number of home loans sanctioned by Branches A, C and E to the combined number of auto loans sanctioned by Branches B, D and E ?

(A) 5 : 3

(B) 11 : 8

(C) 6 : 5

(D) 9 : 7

(E) None of the above

94. शाखा B द्वारा स्वीकृत व्यक्तिगत ऋणों की संख्या, उसी शाखा द्वारा स्वीकृत वाहन ऋणों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(A) 80%

(B) 100%

(C) 120%

(D) 75%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of personal loans sanctioned by Branch B is what percentage more than the number of auto loans sanctioned by the same branch ?

(A) 80%

(B) 100%

(C) 120%

(D) 75%

(E) None of the above

95. शाखा D द्वारा स्वीकृत ऋणों की कुल संख्या, सभी पाँचों शाखाओं के संयुक्त रूप द्वारा स्वीकृत कुल ऋणों के औसत से कितनी अधिक है ?

(A) 50

(B) 40

(C) 70

(D) 60

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total number of loans sanctioned by Branch D is how much more than the average of the total loans sanctioned by all five branches combined ?

(A) 50

(B) 40

(C) 70

(D) 60

(E) None of the above

96. एक संख्या में से पहले उसका पाँचवाँ भाग घटाया जाता है और फिर प्राप्त मान के एक-चौथाई भाग से बढ़ाया जाता है। यदि अंतिम परिणाम 48 है, तो मूल संख्या क्या थी ?

(A) 48

(B) 50

(C) 54

(D) 46

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A number is first decreased by one-fifth of its value and then increased by one-fourth of the resulting value. If the final result is 48, what was the original number ?

(A) 48

(B) 50

(C) 54

(D) 46

(E) None of the above

97. दो क्रमागत पूर्ण वर्गों के बीच का अंतर 73 है। इन दोनों वर्गों का योगफल क्या है ?

(A) 2701

(B) 2665

(C) 2593

(D) 2813

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The difference between two consecutive perfect squares is 73. What is the sum of the two squares ?

(A) 2701

(B) 2665

(C) 2593

(D) 2813

(E) None of the above

98. यदि $x + \frac{1}{x} = 3$ है, तो $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान है :

(A) 24

(B) 21

(C) 18

(D) 27

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $x + \frac{1}{x} = 3$, then the value of $x^3 + \frac{1}{x^3}$ is :

(A) 24

(B) 21

(C) 18

(D) 27

(E) None of the above

99. 12 संख्याओं का औसत 28 है। यदि एक संख्या, 42 को दूसरी संख्या से बदल दिया जाता है, तो औसत 1·5 कम हो जाता है। 42 को प्रतिस्थापित करने वाली संख्या क्या है ?

(A) 26

(B) 22

(C) 23

(D) 20

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The average of 12 numbers is 28. If one number, 42, is replaced by another number, the average decreases by 1·5. What is the number that replaces 42 ?

(A) 26

(B) 22

(C) 23

(D) 20

(E) None of the above

100. दो संख्याओं P और Q के लिए, P के 5% और Q के 4% का योगफल, P के 6% और Q के 8% के योगफल के दो-तिहाई के बराबर है। तो P से Q का अनुपात है :

(A) 4 : 3

(B) 2 : 1

(C) 1 : 1

(D) 3 : 2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

For two numbers P and Q, the sum of 5% of P and 4% of Q is equal to two-thirds of the sum of 6% of P and 8% of Q. Then, the ratio of P to Q is :

(A) 4 : 3

(B) 2 : 1

(C) 1 : 1

(D) 3 : 2

(E) None of the above